नवभारत
इंदौर, शनिवार, 24 जनवरी, 2026

शिक्षा के बाजारीकरण पर करारी चोट

उल्लंघन पर होगी सीधी एफआईआर : कलेक्टर गुप्ता

नवभारत न्यूज

खंडवा । जिले में शिक्षा के नाम पर चल रही खुली लूट और अभिभावकों के आर्थिक शोषण के खिलाफ जिला प्रशासन ने अब तक का सबसे कड़ा और निर्णायक प्रहार किया है। निजी स्कूलों और पुस्तक विक्रेताओं के बीच बरसों से चली आ रही %कमीशनखोरी% की दीवार को ध्वस्त करते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने एक ऐतिहासिक आदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी इस प्रतिबंधात्मक आदेश ने स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा को अब मुनाफाखोरी का जरिया नहीं बनने दिया जाएगा। प्रशासन के इस फैसले से जिले के हजारों मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिली है, जो हर नए सत्र में स्कूलों की मनमानी शर्तों के आगे विवश महसूस करते थे।

अब कोई भी निजी स्कूल विद्यार्थियों या उनके अभिभावकों को किसी एक दुकान से किताबें, यूनिफार्म, जूते या स्टेशनरी खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा। इस संबंध में सभी स्कूलों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे 10 फरवरी तक प्रत्येक कक्षा की अनिवार्य पुस्तकों और यूनिफार्म की सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड करें और उसे स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें। साथ ही अभिभावकों को विकल्प देने के उद्देश्य से स्कूलों को कम से कम तीन अलग-अलग अधिकृत विक्रेताओं के नाम सार्वजनिक करने होंगे। इसके अलावा पूरा सेट खरीदने की रवायत पर भी रोक लगा दी गई है। यदि किसी छात्र के पास पुरानी किताबें या सामग्री उपलब्ध है, तो उसे नई खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।प्रशासन ने खरीद-फरोख्त ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक सामग्री की गुणवत्ता और बच्चों के स्वास्थ्य पर भी कड़े मानक तय किए हैं। स्कूलों को अब पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से एनसीईआरटी और एससीईआरटी की किताबें ही लागू करनी होंगी। निजी प्रकाशकों की किताबें केवल अत्यावश्यक स्थिति में और पीटीए की सहमति से ही लगाई जा सकेंगी, वह भी अधिकतम दो, जो खुले बाजार में आसानी से उपलब्ध हों। इसके अतिरिक्त, यूनिफार्म बदलने के नाम पर अभिभावकों की जेब ढीली करने की मानसिकता पर रोक लगाते हुए यह तय किया गया है कि किसी भी यूनिफार्म में कम से कम तीन वर्षों तक कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए बस्ते का बोझ भी तय कर दिया गया है, जिसके तहत कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के बस्तों का वजन 1.6 किलोग्राम से लेकर 4.5 किलोग्राम के बीच ही रखना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी स्कूल इस आदेश की अवहेलना करता पाया गया, तो उस पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा। जिसकी जद में केवल प्राचार्य ही नहीं, बल्कि स्कूल संचालक, प्रबंधक और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य भी आएंगे।

आनंद उत्सव के अंतर्गत पत्रकार 11 बनाम नगर निगम 11 मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच संपन्न

खंडवा । गुरुवार को जिमखाना ग्राउंड पर पत्रकार 11 एवं नगर निगम 11 के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य अधिकारियों, पत्रकारों एवं कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द, खेल भावना और सकारात्मक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। मैच में नगर निगम 11 की कप्तानी उपायुक्त एसआर सिटोले ने की, जबकि पत्रकार 11 टीम का नेतृत्व राजू पटेल ने किया। टॉस जीतकर पत्रकार 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और नगर निगम 11 को 56 रनों का लक्ष्य दिया। निगम टीम की ओर से राकेश ललित ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लेकर महत्वपूर्ण योगदान दिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगर निगम 11 की शुरुआत सपन जैन एवं श्री एसआर सिटोले ने की। श्री सितोले ने लगातार दो छक्के लगाकर टीम को मजबूती दी। पत्रकार 11 की ओर से विकास चौहान ने आक्रामक गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके, लेकिन नगर निगम 11 ने लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम किया।

सद्भावना मंच ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई

खंडवा । देश की आज़ादी के महान नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती अवसर पर माली कुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि कार्यक्रम में संस्थापक प्रमोद जैन ने नेताजी के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा का नारा देकर देशवासियों में आज़ादी की अलख जगाई।आज़ाद हिंद फौज के गठन से उन्होंने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी।इस मौके पर सद्भावना मंच सदस्यों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,सुरेन्द्र गीते,त्रिलोक चौधरी ,राधेश्याम शाक्य,जी डी श्राफ,योगेश गुजराती,ललित चौरे,मुरली कोडवानी,सुनील सोमानी ,अनूप शर्मा,रामनाथ सराफ,अर्जुन बुंदेला,राजेश खांडे,कमल नागपाल और अजय मंडलोई आदि उपस्थित रहे।

श्रीमद् भागवत कथा 27 जनवरी शुरू

ओंकारेश्वर। तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर में शिवपुरी महिला मंडल एवं समस्त नागरिक ओंकारेश्वर की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है बाबा ओंकार मां नर्मदा एवं बाबा बजरंगबली की अनुकंपा और पितृ देवों के आशीर्वाद से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन सुनिश्चित हुआ है कथावाचक पंडित कान्हा कौशिक वृंदावन के द्वारा कण कण में निहित भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का रसपान कराएंगे नर्मदा पूजन एवं कलश यात्रा 27 जनवरी सुबह 9:00 बजे सोमवार से निकलेगी कथा स्थल चक्रतीर्थ घाट पर आयोजित किया गया है पूर्णाहुति एवं भंडारा 2 फरवरी को 12:00 बजे से रहेगा कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक चक्रतीर्थ घाट पर होगी ।

ओंकार योग साधना शिविर का समापन

ओंकारेश्वर। ग्राम थापना में नरसिंह कुंड पर किशन दास महाराज फक्कड़ बाबा के द्वारा चालू किया ओंकार योग साधना शिविर का आयोजन निशुल्क किया गया। आश्रम के संचालक सूरज भाई द्वारा बताया है कि आज की जीवनशैली में योग का बहुत ही महत्व है। जनमानस के स्वास्थ्य लाभ के लिए योग बहुत जरूरी है।

पंडित संदीप वशिष्ठ ने योग की महता के बारे में बताया कि अगर आप कुछ भी प्राप्त करना चाहते हैं तो है योग और ध्यान को प्रतिदिन जीवन शैली में शामिल करे। शिविर मैं प्रतिदिन 30 से 40 साधक। योग का फायदा ले रहे थे । सनावद बड़वाह और दूर दूर से आए साधक जो कि महाराष्ट्र और गुजरात के भी थे लोग शामिल हुए। समापन पर भंडारा भी आयोजित किया गया।

अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई

खण्डवा । 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा। शनिवार 24 एवं 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने से कलेक्ट्रेट एवं अन्य शासकीय कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ शुक्रवार को दिलाई गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर केआर बडोले ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस हेतु श्री तोमर दिल्ली रवाना

खालवा। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश राज्य के प्रतिनिधित्व के लिए शासन की ओर से जनजातीय प्रतिनिधि किरण मरकाम एवं आशीष राठौर का चयन किया गया है। उक्त दल के साथ लायजनिंग अधिकारी के रूप में सांदीपनि विद्यालय खारकलॉ के प्राचार्य वीरभद्र सिंह तोमर को नियुक्त किया गया है। श्री तोमर आज प्रतिनिधि दल के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए।

दिल्ली रवाना होने से पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा श्री तोमर सहित पूरे दल को शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दी गईं।

गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष भोज

खण्डवा । 26 जनवरी को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त सभी प्राथमिक शालाएं, मदरसे एवं माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों के विशेष भोज का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी एसडीएम, जिला परियोजना समन्वयक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विशेष भोज में विद्यार्थियों को सब्जी, पूरी, खीर अथवा सब्जी, पूरी, हलवा या मिठाई का वितरण किया जाए।

ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित

खण्डवा। कृषि विभाग द्वारा कृषकों के हित में ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के अंतर्गत बेलर, शुगरकेन रेट्रन मैनेजर, शुगरकेन कटर प्लांटर एवं रिजर कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर 23 जनवरी से 2 फरवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। कृषि यंत्रों के आवंटन के लिए 3 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। आवेदन के साथ संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम से निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के आवेदन मान्य नहीं होंगे।

कटे फटे होंठ वाले बच्चों को नि:शुल्क सर्जरी

खण्डवा । राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खण्डवा में लाहोटी अस्पताल भोपाल से आई चिकित्सकों की टीम ने कटे फटे होंठ वाले 24 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि 8 बच्चों को नि:शुल्क सर्जरी के लिए चयनित कर भोपाल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शेष 16 बच्चों को सर्जरी के लिए आगामी दिनो में भेजा जायेगा। इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के कोर्डिनेटर महेश पंवार एवं अन्य चिकित्सक भी मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस को लेकर नगर परिषद की तैयारियां तेज

मूंदी। गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद द्वारा नगर को देशभक्ति के रंग में सजाने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। लाल बहादुर शास्त्री बस स्टैंड पर विशेष रोशनी की व्यवस्था की गई है, जहां लगे फाउंटेन को आकर्षक तिरंगी रोशनी से सजाया गया है। इसके साथ ही शासकीय इमारतों एवं नगर के प्रमुख चौराहों पर भी प्रकाश सज्जा की जा रही है। अस्पताल मार्ग एवं बाजार क्षेत्र के डिवाइडर पर लगे सोलर पैनलों को भी तिरंगे की रोशनी से सजाया गया है। सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर ने बताया कि गणतंत्र दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने की तैयारियां चल रही हैं। नगर परिषद उपाध्यक्ष राज नारायण मंडलोई एवं सीएमओ संजय जैन ने बस स्टैंड पहुंचकर लाइटिंग कार्यों का निरीक्षण किया।

शैक्षणिक सेमिनार एवं बसंत पंचमी का भव्य आयोजन

खंडवा। एंजेल्स प्लेनेट स्कूल के एडवांस्ड कैंपस में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखते हुए एक विशेष शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायक सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय हॉलिस्टिक हीलर एवं प्रख्यात शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. सुधीर खेतावत अग्रवाल (इंदौर) रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पश्चात डॉ. खेतावत ने विद्यार्थियों को स्मार्ट स्टडी, तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, पोमोडोरो तकनीक, एक्टिव रिकॉल, माइंड मैप्स एवं सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिभावकों के लिए स्मार्ट पेरेंटिंग पर भी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी, डायरेक्टर रितेश गोयल, स्नेहा गोयल, प्रमोद पुरी, दर्पण सकलेचा, अखिलेश गुप्ता, योगेंद्र अग्रवाल, प्राचार्या डोना ईम्स, विजय जैन एवं शेफाली गंगराड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री सौरभ बारचे ने किया।

परीक्षा पे चर्चा-2026 के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर क्विज प्रतियोगिता संपन्न

नर्मदा नगर। केन्द्रीय विद्यालय एनएचडीसी नर्मदा नगर में परीक्षा पे चर्चा-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन 23 जनवरी 2026 को प्रात: 11:00 बजे किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता, तार्किक सोच तथा समसामयिक विषयों की समझ विकसित करना था। प्रतियोगिता में कुल 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 80 विद्यार्थी विभिन्न बाह्य विद्यालयों से थे। रेवोत्तमा इंटरनेशनल स्कूल, मूंदी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुनासा, सेंट ऑगस्टीन ई.एम. हाई स्कूल, शासकीय मिडिल स्कूल एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नर्मदा नगर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय में सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था की गई तथा प्रतियोगिता का संचालन शांत एवं अनुशासित वातावरण में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुनीता जारवाल ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

डीआईजी मनोज राय को करणी सेना ने दी बधाई

खंडवा। प्रशासनिक तंत्र के कुशल संगठक पुलिस अधीक्षक मनोज राय के पुलिस महकमे में डीआईजी पद पर पदोन्नत होने पर शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। उनकी इस उपलब्धि पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा बधाइयाँ प्रेषित की जा रही हैं। इसी क्रम में राजवीर सिंह ललवाड़ा के मार्गदर्शन में करणी सेना खंडवा के सदस्यों ने डीआईजी राय से भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट किया और शुभकामनाएं दीं। करणी सेना पदाधिकारियों ने कहा कि मनोज राय जी के कार्यकाल में खंडवा जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई, अपराध नियंत्रण के साथ आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत हुई।

एसएन कॉलेज में मॉक इंटरव्यू अब 1 फरवरी को होंगे

खण्डवा । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा के प्राचार्य ने बताया कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग सहायक प्राध्यापक परीक्षा के मॉक साक्षात्कार की तारीख अपरिहार्य कारणों से बढ़ा दी गई है। अब यह साक्षात्कार पूर्व निर्धारित तिथि 25 जनवरी के स्थान पर 1 फरवरी रविवार को प्रात: 10 बजे से आयोजित होंगे। अन्य सभी व्यवस्थाएँ एवं शर्तें पूर्ववत ही रहेंगी। प्राचार्य ने सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहें।

लायन्स क्लब खण्डवा ने मूक-बधिर दिव्यांग आश्रम को भेंट किया रेफ्रिजरेटर

खण्डवा। लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा सामाजिक सेवा के तहत मूक-बधिर दिव्यांग आश्रम, लालचौकी में रेफ्रिजरेटर भेंट किया गया। यह सहयोग लायन्स क्लब खण्डवा के पूर्व अध्यक्ष लायन डॉ. दिलीप हिन्दुजा के सौजन्य से प्रदान किया गया।

डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा द्वारा समय-समय पर आश्रम में विभिन्न सेवा गतिविधियाँ की जाती हैं। सेवाकार्यों के दौरान यह महसूस किया गया कि छात्रावास में खाद्य सामग्री को सुरक्षित रखने तथा ठंडे पानी की सुविधा के लिए रेफ्रिजरेटर की आवश्यकता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आश्रम को बड़ा फ्रिज प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने आश्रम के बच्चों के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया और उनके साथ समय बिताया।

इस अवसर पर लायन्स क्लब खण्डवा की अध्यक्ष लायन आशा उपाध्याय, सचिव लायन ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन पवन लाड़, रीजन चेयरपर्सन लायन राजीव मालवीय, जोन चेयरपर्सन लायन अणिमा उबेजा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन नारायण बाहेती, लायन गुरमीत सिंह उबेजा, लायन डॉ. दिलीप हिन्दुजा, लायन उमाशंकर उपाध्याय, लायन घनश्याम वाधवा, लायन वसीम कुरैशी सहित लियो क्लब से लियो रूपाली सोलंकी, लियो प्रिया कारले, लियो मनीष लाड़, लियो शिवम राजपूत, लियो अपूर्व उपाध्याय एवं पिंटू कुशवाह उपस्थित रहे। आश्रम की होस्टल अधीक्षिका अंजलि शिंदे एवं स्टाफ सदस्यों ने फ्रिज की सौगात के लिए लायन्स क्लब का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन लायन घनश्याम वाधवा ने किया तथा अंत में लायन गुरमीत सिंह उबेजा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

माणिक्य स्मारक वाचनालय में बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती पूजन

खंडवा। माँ सरस्वती के प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी पर माणिक्य स्मारक वाचनालय में शुक्रवार माँ सरस्वती पूजन पंडित जितेंद्र उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कराया गया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है, जो विद्या, बुद्धि एवं ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। इस पर्व के साथ ही बसंत ऋतु का आगमन होता है। प्रतिवर्ष वाचनालय में माँ सरस्वती का पूजन हर्षोल्लास के साथ किया जाता है, जिसमें वाचनालय में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राएं भी सहभागी बनते हैं। संस्था के सचिव भूपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि पूजन के साथ लेखन सामग्री का भी विधिवत पूजन किया गया तथा उपस्थित अध्ययनकर्ताओं को प्रसाद स्वरूप मिठाई वितरित की गई।

कार्यकारिणी सदस्य प्रेमांशु जैन ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में डॉ. राधेश्याम पटेल, गणेश गुरबानी, जितेंद्र उपाध्याय, मोहन शर्मा, प्रेमांशु जैन, मनीषा पाटिल, सीमा भावसार, अरुणा दुबे, राजेन्द्र राठौड़, अशोक पालीवाल, पीयूष शाह एवं प्राची भगत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मेडिकल कॉलेज में 3 माह से वेतन नहीं, नौकरी पर भी लटकी तलवार

नवभारत न्यूज

खंडवा । जिन हाथों ने कोरोना जैसी महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा की, आज वही हाथ अपने हक के वेतन के लिए अधिकारियों के सामने हाथ फैलाने को मजबूर हैं। नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। स्थिति यह है कि पिछले तीन महीनों से इन कर्मचारियों को एक रुपया भी नसीब नहीं हुआ है।

2018 से दे रहे हैं सेवा, अब बताया जा रहा पद स्वीकृत नहीं :कॉलेज की शुरुआत से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों को अब प्रशासनिक पेचीदगियों का हवाला देकर वेतन से वंचित रखा जा रहा है। कॉलेज प्रशासन का तर्क है कि शासन द्वारा आउटसोर्सिंग के तहत केवल हाउसकीपिंग और सुरक्षाकर्मियों के पद स्वीकृत हैं, जबकि मल्टी-टास्किंग स्टाफ के लिए उचित वेतन शीर्ष निर्धारित नहीं है। इसी तकनीकी पेंच के कारण इन कर्मचारियों का वेतन नवंबर माह से रोका गया है।

डीन के आश्वासन के बाद भी नहीं मिला समाधान :कर्मचारियों ने बताया कि जब 5 जनवरी 2026 को उन्होंने हड़ताल का नोटिस दिया था, तब डीन ने उन्हें आश्वस्त किया था कि वरिष्ठ कार्यालय से संपर्क कर समस्या का जल्द निराकरण किया जाएगा। लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। जब कर्मचारी पुन: डीन से मिले और कोई ठोस समाधान नहीं निकला, तो उन्होंने अब सीधे लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के आयुक्त को पत्र लिखकर गुहार लगाई है।

कोरोना काल को याद कर भावुक हुए कर्मचारी

आयुक्त को भेजे गए पत्र में कर्मचारियों ने अपना दर्द बयां करते हुए लिखा है कि जब कॉलेज में नियमित स्टाफ नहीं था, तब उन्होंने ही पूरी व्यवस्था संभाली।

प्रशासन से सीधी मांग

कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनके वेतन का तत्काल भुगतान नहीं किया गया और नौकरी को सुरक्षित करने के लिए पदों की स्वीकृति नहीं मिली, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इन कोरोना वारियर्स की सुध लेते हैं या तकनीकी नियमों की आड़ में इनका शोषण जारी रहता है।

मतदाता सूची से वैध नाम काटने का षड्यंत्र : प्रतिभा रघुवंशी

खंडवा। शहर की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर हजारों वैध मतदाताओं के नाम काटने के सुनियोजित षड्यंत्र का आरोप लगाते हुए शहर कांग्रेस कमेटी ने जिला निर्वाचन अधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने गंभीर आरोप लगाते है कि राजनैतिक द्वेष के चलते बीएलओ पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है ताकि विरोधी विचारधारा के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा सके। शहर अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि शहर के विभिन्न वार्डों और मतदान केंद्रों पर विरोधी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों द्वारा एकमुश्त %प्रारूप-7% जमा किए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रारूप-7 का उपयोग मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए किया जाता है। कांग्रेस का आरोप है कि बीएलओ पर राजनैतिक दबाव डालकर बिना उचित सत्यापन के हजारों वैध मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित करने की साजिश रची जा रही है, जो कि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक है। अध्यक्ष रघुवंशी ने कहा कि सूची मिलते ही कांग्रेस पार्टी के बीएलए उन सूचियों को लेकर संबंधित मतदान केंद्रों के अंतर्गत घर-घर जाएंगे और स्पॉट वेरिफिकेशन करेंगे।